
# समाज के हर वर्ग तक संवाद और संपर्क बनाना जरूरी

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. यादव ने कहा





**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 17 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभाग और जिला प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया.**

बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग-2026 पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने के लिए कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता अनिवार्य है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ जुटना है. जब तक हम सब मिलकर पार्टी के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एकजुट होकर काम नहीं करेंगे, तब तक हमारी योजनाओं में सफलता नहीं मिल सकती. पार्टी की सफलता केवल चुनावी जीत में नहीं, बल्कि समाज में भाजपा की स्थायी पहचान और सेवा की भावना से भी जुड़ी हुई है. हमें समाज के हर वर्ग से संवाद बढ़ाना होगा, उनकी समस्याओं को समझते हुए पार्टी की नीतियों का लाभ समाज तक पहुंचाना होगा. भाजपा का विचार और उसकी नीतियां समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा करते हुए अधिक प्रभावी बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है. चुनौतियों का सामना करते हुए हमें पार्टी के उद्देश्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि यही भाजपा की असली ताकत है और यही पार्टी के भविष्य को सफलता सुनिश्चित करेगा. वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं.

### राहुल की भाषा संसदीय गरिमा के अनुकूल नहीं

बाद में मीडिया से चर्चा में प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विपक्ष द्वारा बार-बार व्यवधान उत्पन्न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है. नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सदन में प्रयुक्त भाषा संसदीय गरिमा के अनुकूल नहीं है. देश के इतिहास में इस प्रकार की असंसदीय एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग पहले नहीं हुआ. सभी को संसदीय भाषा का उपयोग करना चाहिए.

> हमारी सरकार और संगठन की योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा, ताकि भाजपा की नीतियों और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच सके. भाजपा की जीत केवल चुनावी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि समाज में पार्टी की स्थायी पहचान और सेवा की भावना से जुड़ी हुई है. पार्टी की सफलता का आधार सिर्फ चुनावी जीत नहीं है, बल्कि समाज के प्रति हमारी सेवा और भाजपा की स्थायी पहचान भी है. हमें सिर्फ चुनावी सफलता ही नहीं, बल्कि समाज में स्थायित्व और विकास के लिए सक्रिय रूप से काम करना होगा.

# जनगणना में फील्ड कार्य की बारीकियों पर मिला विशेष प्रशिक्षण

## तीसरे दिन व्यावहारिक प्रशिक्षण पर रहा जोर



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 अप्रैल। शासकीय महाविद्यालय बैढ़न के विज्ञान भवन में आयोजित जनगणना 2027 के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन का सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रमुख जनगणना अधिकारी सविता प्रधान गौंड के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को फील्ड स्तर पर कार्य निष्पादन से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं, डेटा की शुद्धता बनाए रखने तथा डिजिटल प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। वहीं जनगणना संचालनालय भोपाल से सिंगरौली के जनगणना अधिकारी हुसैन अली, चार्ज अधिकारी एचएम श्रीवास्तव एवं प्रवीण गोस्वामी ने प्रशिक्षण सत्र का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तीसरे दिन प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को फील्ड में आने वाली संभावित चुनौतियों, प्रपत्रों के सही संधारण तथा डिजिटल डेटा एंट्री में सावधानियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### 10 वीं में पूरक आने पर छात्रा ने कुएं में कूदकर दी जान

**शहडोल.** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम बरई में दसवीं कक्षा की एक छात्रा ने परीक्षा में दो विषयों में पूरक आने पर कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली. पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतका की पहचान टिंकल सिंह कंवर के रूप में हुई है.

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद वह मानसिक रूप से व्यथित थी. आज सुबह उसका शव कुएं में तैरता हुआ मिला, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया. मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है.

# पटवारी ने जनसंपर्क अभियान का किया शुभारंभ

## संगठन मजबूत करने के लिए कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 17 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया. सम्मेलन का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना और आमजन से सीधे संवाद की रणनीति को मजबूत करना रहा.**




कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के आगमन के बाद वंदे मातरम् के गायन से हुई. इसके पश्चात महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया. अतिथियों का पारंपरिक सूत की मालाओं से स्वागत किया गया.

सम्मेलन में ब्लॉक स्तर के नेतृत्व की भूमिका, जिम्मेदारियों और संगठनात्मक महत्व पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया. डॉ. संजय कामले ने आगामी 'जनसंवाद सम्मेलनों' की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र पटवारी ने प्रदेशव्यापी ब्लॉक स्तरीय जनसंपर्क अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछले 25 वर्षों से प्रदेश में सत्ता से बाहर है, ऐसे में कार्यकर्ताओं को अधिक मेहनत करनी होगी.

> पटवारी ने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य व्यक्तिगत पद प्राप्ति नहीं, बल्कि कांग्रेस की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करना है. उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश 'कर्ज, अपराध और भ्रष्टाचार' जैसी समस्याओं से जूझ रहा है. पार्टी ने घोषणा की कि 25 अप्रैल से 25 मई के बीच विधानसभा प्रभारी अपने क्षेत्रों का दौरा कर संगठनात्मक ढांचे का सत्यापन करेंगे, जिसके बाद जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तर पर सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे.

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मुरैना.** मुरैना जिले के कैलारस थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार यह दुर्घटना ग्राम खैरा की तौर में हुआ. महेश शाक्य अपने पुत्र सौरभ की शादी के लिए एक महिला परिजन के साथ बाइक से सामान लेने जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में महेश शाक्य की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि बाइक पर सवार महिला आरती गंभीर रूप से घायल हो गई. ग्रामीणों ने घायल को पहले कैलारस अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल मुरैना रेफर किया गया. घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया.

# टेक्नीशियनो का भोपाल में हुआ सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 अप्रैल। लैब टेक्नोलॉजिस्ट डे के अवसर पर भोपाल में एकदिवसीय प्रदेश स्तरीय सेमिनार एवं सम्मान समारोह आयोजन किया गया.**

जिसमें म.प्र. के विभिन्न जिलों से पदाधिकारी उपस्थित हुए, जिसमें जिले से प्रतिनिधित्व कर रहे शिवप्रसाद विश्वकर्मा, चंदू प्रसाद शाह, राजकुमार गुप्ता, विक्रम शाह एवं राम अनुज शाह आदि ने शिरकत किया, जिसमें प्रमुख मांगों पर सभी ने अपने विचार रखें और जिसमें निम्न मांगे सरकार के सामने रखने पर विचार किया। मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा लैब टेक्नोलॉजिस्टो के भविष्य को सुरक्षित करना एवं सभी को एकजुट करना। भारत सरकार राज पत्र क्रमांक 327/18/05/2018 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा अधिसूचना म.प्र. में लागू करवाने बाबत बेसिक मेडिकल लैबोरेट्री के संचालन एवं लैब रिपोर्ट जारी करने उस पर हस्ताक्षर करने के संबंध में नियम लागू करवाना कलेक्शन सेंटरों का संचालन केवल मेडिकल लब टेक्नोलॉजिस्टो द्वारा ही होना चाहिए।

# गौरा रोड पर बढ़ता अतिक्रमण, जाम से लोग त्रस्त

**चाकघाट 17 अप्रैल, नगर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल मंत्री चौराहे से पुराने बस स्टैंड चौराहे तक स्थित गौरा रोड पर अतिक्रमण के कारण रोजाना जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है।**



सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए कब्जे और बढ़ती ठेला-व्यवस्था एवं मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने खड़े हुए वाहनो ने यातायात को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है।इस मार्ग पर दुकानों के बाहर तक फैला सामान, फुटपाथों पर अतिक्रमण और सड़क पर खड़े वाहन मार्ग को संकरा बना रहे हैं। परिणामस्वरूप दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सुबह-शाम के व्यस्त समय में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब बाजार की भीड़ और स्कूली वाहन एक साथ सड़क पर आ जाते हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम के कारण उन्हें रोजाना देर का सामना करना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बावजूद इसके, प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।दुकानदारों का तर्क है कि सीमित स्थान और आजीविका के दबाव के कारण वे सड़क किनारे दुकान लगाने को मजबूर हैं, लेकिन वे भी इस समस्या के स्थायी समाधान की आवश्यकता मानते हैं।

नगर परिषद चाकघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चाकघाट व्यापार मंडल द्वारा विगत दिवस अतिक्रमण हटाने के लिए सार्वजनिक तौर पर आदेश दिया गया था एवं आदेश का उल्लंघन करने पर अर्थदंड का प्रावधान था लेकिन यह आदेश केवल औपचारिकता बनकर रह गए है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि गौरा रोड पर अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त और स्थायी कदम उठाए जाएं, नियमित निगरानी की जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

# संस्कार शिक्षा निकेतन हायर सेकडरी स्कूल सेमरिया के विद्यार्थियों ने रचा नया कीर्तिमान

**रीवा 17 अप्रैल, माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड की परीक्षा 2026 के घोषित परिणाम में संस्कार शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, सेमरिया, जिला रीवा का शानदार प्रदर्शन रहा।**



अमन द्विवेदी देवाधि द्विवेदी

हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में छात्र अमन द्विवेदी ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल करके संभाग को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रों और छात्राओं दोनों ने अधिकतम अंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 03 छात्र, 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 14 छात्र, 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 33 छात्र और 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 47 छात्र रहे, परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यालय के सभी छात्रों ने अच्छे अंक हासिल किये हैं। हायर सेकंडरी 2026 के परीक्षा परिणाम में छात्र देवाधि द्विवेदी ने 95.2 प्रतिशत अंक के साथ 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों रहे वही 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 02 छात्र, 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 16 छात्र और 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 24 छात्र रहे, साथ ही हायर सेकेंडरी परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यालय के सभी छात्रों ने अच्छे अंक हासिल किये हैं। संस्कार शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, सेमरिया में प?ने वाले छात्रों का परीक्षा परिणाम प्रति वर्ष कीर्तिमान रच रहा है। इससे पहले भी विद्यालय के कक्षा 8वि और 5वि के विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा में रिकार्ड बनाया है। इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों और इष्टजनों ने बधाई दी है। साथ ही विद्यालय के संचालक, प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

# 10वीं में आराध्य सोनी स्कूल में 96 . 8प्रतिशत अंक हासिल किया

**सिरमौर 17 अप्रैल, जिला रीवा के आदर्शउच्चतरमाध्यमिक विद्यालय मॉडल रीवा में अध्यनरत कक्षा 10वीं के छात्र आराध्य सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 96. 8 प्रतिशत 500-484 अंक प्राप्त कर विद्यालय में चतुर्थ स्थान हासिल कर सिरमौर का नाम रोशन किया है।**



उनकी इस उपलब्धि से स्कूल और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वह इस उपलब्धि के पीछे स्कूल के शिक्षकों तथा अपने पिता सुनील सोनी माता गीता सोनी जो शिक्षक. हैं बड़े पापा अनिल सोनी जो नगरपरिषद सिरमौर वार्ड नम्बर 04के पार्षद के साथ ही कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव हैं एवं बड़ी मम्मीरेखा सोनी जो यमुना प्रसाद महाविद्यालय सिरमौर में प्रोफेसर हैं का सकुशल निर्देश रहना मानते है उनके इस शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती हैआराध्य सोनी भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रांतीय मुख्य महासचिव एवं ब्यूरो चीफ बीरेंद्र प्रसाद मिश्र से रूबरू होते हुए बताया की मैं 12वी में भी इससे उत्कृष्ट रिजल्ट लाऊंगा मेरा लक्ष्य यूपीएससी निकाल कर जिला धीश बनकर देश की सेवा करूँगा विद्यालय परिवार, शिक्षकों और बाबा अवधेश दादी बेला चाचा शारदा सोनी एवं परिजनों ने आराध्य सोनी को इस उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### खुले चेंबर में गिरने से मजदूर की मौत

**ग्वालियर.** शहर में सीवर चेंबर एक युवक की मौत का कारण बन गया. खुले पड़े सीवर चेंबर में गिरने से युवक की मौत हो गई. घटना गणेश कॉलोनी ओफो की बगिया की है. शुक्रवार की शाम स्थानीय लोगों ने युवक को चेंबर से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक अपनी मां से खाना बनाने की कहकर निकला था और उसके बाद वापस नहीं लौटा. हादसे का पता चलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. गणेश कालोनी में रहने वाले सौरभ बाथम की सीवर के चेंबर में गिरने से मौत हो गई. सौरभ के बारे में बताया गया है कि वह मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था.

# गड़ेरिया में तालाब गहरीकरण कार्यों का जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 अप्रैल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जगदीश गोमे के द्वारा ग्राम गड़ेरिया में संचालित तालाब गहरीकरण एवं गाद निकासी कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया।**



निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब के ट्रेंच एरिया एवं जल स्त्रोतों का बारीकी से अवलोकन करते हुए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सीईओ ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए तालाब में अधिक से अधिक जल संचयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम में संचालित विभिन्न पंचायत योजनाओं की भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिपं अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर सहित संबंधित इंजीनियर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### 20 सीसी कोरेक्स कप सिरफ के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली 17 अप्रैल।** चितरंगी पुलिस ने दबिश देते हुये बसाही पुलिया के पास से आरोपी राजन उर्फ बंटा साहू पिता लोलर प्रसाद साहू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम रेही के पास दबिश देते हुये 21 सीसी प्रतिबंधित कोडिन युक्त सिरप बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। चितरंगी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बसाही पुलिया के पास एक व्यक्ति कोरेक्स कफ सिरप बिक्री के लिए बैठा है। जहां मुखबिरों के सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुये राजन उर्फ बंटा साहू पिता लोलर प्रसाद साहू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम रेही को कब्जे में लेते हुये 21 सीसी कोडिन फास्फेट युक्त प्रतिबंधित आनरेक्स कफ सिरप बरामद हुआ किया है।


### इश्तहार/अधिसूचना

सर्व साधारण आमजन को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम दुर्गावती द्विवेदी, उम्र 73 वर्ष, पेशा गृहकार्य, निवासी ग्राम एवं पोस्ट झखरावल, तहसील देवसर, जिला सिंगरौली (म.प्र.)है। मेरे पति स्वर्गीय श्री अखण्ड प्रसाद द्विवेदी, जो सेवानिवृत्त उपडाकपाल थे, का निधन दिनांक 29/10/2025 को हो चुका है। उनके पी.पी.ओ. में त्रुटिवश मेरा नाम "दुर्गा वाई" अंकित हो गया है तथा मेरी जन्मतिथि 01/01/1953 के स्थान पर 16/09/1958 अंकित हो गई है। जबकि मेरा सही नाम दुर्गावती द्विवेदी एवं सही जन्मतिथि 01/01/1953 है। अतः इस इश्तहार के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**प्रार्थी**


### पेज एक का शेष

# संविधान संशोधन बिल गिरा

बिल पर 56 महिला सांसदों और 130 सदस्यों ने अपनी बात रखी. 127 सीटों पर 20 लाख से ज्यादा आबादी है. 1972 में परिसीमन 525 से बढ़ाकर 585 हुई थी. महिला आरक्षण देना है तो परिसीमन जरूरी है. कांग्रेस ने गलत नैरेटिव फैलाने की कोशिश की है. विपक्ष भ्रांतियां फैलाना चाहती है. पांच राज्यों में 129 से बढ़कर 195 सीटें होंगी. आरक्षण में रिजर्वेशन का प्रावधान नहीं है. 51 और 71 में कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का विरोध किया था. कांग्रेस ने हमेशा आरक्षण का विरोध किया और आज तक संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है. कांग्रेस ने कभी ओबीसी से मंत्री नहीं बनाया. भाजपा ने ओबीसी से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर इतिहास रचा. मोदी सरकार में 27 मंत्री ओबीसी से है. विपक्ष ने महिला आरक्षण का भी विरोध किया. जबकि हमने 52 करोड़ महिलाओं को स्टार्टअप से जोड़ा है. 5 लाख करोड़ का बजट महिलाओं के लिए लाया गया. बिल का विरोध करने वाली कांग्रेस के भागने का मौका भी नहीं मिलेगा. विपक्ष ने मोदी के हर काम का विरोध किया, जबकि हर घर हर नल से महिलाओं को फायदा हुआ. शाह ने कहा- मैं टीवी पर विपक्ष के नेता का भाषण सुन रहा था. आपकी जिम्मेदारी है कि सदन की गरिमा बनी रही. वे कहते हैं कायर हैं, सरेंडर कर रहे हैं. असंसदीय शब्दों की भरमार लग जाती है. संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं.

# बिना अनुमति बोरिंग पर मशीन जब्त, एजेंट सहित जिम्मेदारों पर कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 अप्रैल, जिले के चुरहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुसमहर में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बोरिंग मशीन को जब्त कर लिया। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे बिना अनुमति के बोरिंग का कार्य किया जा रहा था।**



यह कार्य गांव के प्राथमिक स्कूल से महज 100 मीटर की दूरी पर संचालित हो रहा था, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी खतरा बना हुआ था। जानकारी मिलते ही एसडीएम विकास कुमार आनंद ने तत्काल संज्ञान लिया और तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष कुमार मिश्रा को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंचकर तहसीलदार ने बोरिंग कार्य करवा रहे लोगों से दस्तावेजों की मांग की, लेकिन कोई भी वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की जा सकी। जांच में सामने आया कि जिस स्थान पर बोरिंग हो रही थी, वह जमीन लक्ष्मीकांत प्रजापति की है, जबकि बोरिंग कार्य कराने का जिम्मा एजेंट जितेंद्र चतुर्वेदी के पास था। दोनों ही पक्षों द्वारा आवश्यक अनुमति नहीं ली गई थी, जिससे यह कार्य पूरी तरह अवैध पाया गया। दस्तावेजों के अभाव में प्रशासन ने तत्काल बोरिंग मशीन को जब्त कर लिया। सुरक्षा की दृष्टि से मशीन को सेमरिया थाने में खड़ा करवा दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक पूरी कागजी कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती और मामला न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया जाता, तब तक मशीन थाने में ही रहेगी। तहसीलदार आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि मौके पर स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध खनन किया जा रहा था, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। जब्त की गई बोरिंग मशीन शिव शक्ति कंपनी की बताई जा रही है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर केए 01 एमई 7577 है और यह कर्नाटक की है। गौरतलब है कि सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा पहले ही जिले को प्रतिबंधित जोन घोषित कर अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से बोरिंग की अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है और यह संदेश गया है कि नियमों की अनदेखी अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### इनका कहना है

> सूचना के आधार पर टीम भेजी गई थी, मौके पर बोर खनन की अनुमति नहीं पाई गई है, बोरिंग मशीन को जप्त कर सेमरिया थाना में सुरक्षार्थ खड़ा करा दिया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।
>
> **विकास कुमार आनंद, एसडीएम चुरहट**


### कार्यालय वन मण्डल अधिकारी, वन मण्डल सतना, (म.प्र.)

(मुख्त्यारगंज रेल्वे फाटक के पास, सिविल लाईन सतना)

E-Mail - dfotsatna@mp.gov.in Phone No-07672-223355

क्रमांक / स्था. / 3640 सतना, दिनांक 15-4-2026

**विज्ञप्ति सूचना का प्रकाशन**

**विषय-- श्री सुरेश कुमार वर्मा, वनरक्षक के द्वारा विभागीय जांच में जांच उपपत्ति में अंतिम बचाव उत्तर प्रस्तुत करने बाबत्।**

विषयांतर्गत श्री सुरेश कुमार वर्मा, वनरक्षक वन परिक्षेत्र उंचेहरा मे पदस्थ थे, पदस्थिति अवधि में लगातार दिनांक 17.05.2021 से स्वेच्छापूर्वक, मनमानीतौर से लगातार आज दिनांक तक कर्तव्य से अनुपस्थित है। विभागीय जांच में आरोप पत्र तामील होने के फलस्वरूप भी विभागीय जांच कार्यवाही से भी अनुपस्थित है तथा आरोप पत्र का जवाब भी प्रस्तुत नही किया गया।

इस प्रकार दिनांक 17.05.2021 से लगातार अनुपस्थित रहने के कारण आपके विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के अंतर्गत दीर्घशस्ति अधिरोपित कर विभागीय जांच संस्थित की गई है, जिसमें जांचकर्ता अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी चित्रकूट के द्वारा भी विभागीय जांच में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र भेजा गया जिसकी पावती अभिस्वीकृत भी आपके द्वारा दी गई थी।

अत: श्री सुरेश कुमार वर्मा, वनरक्षक को सूचित किया जाता है, कि आपके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई, तदानुसार जांचकर्ता अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी चित्रकूट के कार्यालय में उपस्थित होकर आरोप पत्र का जवाब प्रस्तुत करने हेतु पत्र जारी किये गये साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से भी सूचना प्रकाशित कराई गई। आरोप पत्र का जवाब प्रस्तुत न किये जाने पर एवं विभागीय जांच कार्यवाही मे भी आप अनुपस्थित रहे है। जांचकर्ता अधिकारी के द्वारा आरोप सिद्ध पाया गया है, जिसमें जांच उपपत्ति की प्रति आपकी ओर भेजी गई है, साथ ही जांच उपपत्ति पर जबाब प्रस्तुत न करने की दशा में क्यों न अनुपस्थित अवधि का दीर्घशास्ति अंतर्गत सेवा समाप्त की कार्यवाही की जावें। तदानुसार आपकों सूचित किया जाता है, कि दिनांक 24.04.2026 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। उपस्थित न होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही कर आदेश पारित कर दिया जावेगा।

**वन मण्डल अधिकारी**
**वन मंडल, सतना (म.प्र.)**

G-11699/26